**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 29 जनवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- केंद्र सरकार ने गन्ने के शीरे ,रस, चीनी और चीनी सिरप की इथेनॉल के लिए खरीद मूल्य को मंजूरी दी।
- हरियाणा के पिहोवा में अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव शुरू हुआ।
- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेंश करेंगी। लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार व प्रोत्साहनों के साथ जनता को राहत प्रदान किए जाने की उम्मीद जताई ।
- हरियाणा के राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि यमुना को पानी को लेकर हरियाणा सरकार ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत की अदालत में मामला दायर किया।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने गन्ने के शीरे ,रस, चीनी और चीनी सिरप की इथेनॉल के लिए खरीद मूल्य को मंजूरी दी है।मंत्रिमंडल ने सी-हैवी शीरे के लिए 57 रुपये 97 पैसे प्रति लीटर, बी-हैवी शीरे के लिए 60 रुपये 73 पैसे प्रति लीटर और गन्ने के रस, चीनी और चीनी सिरप के लिए 65 रुपये 61 पैसे प्रति लीटर की कीमत को मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने 34 हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दी है। कहा कि ये खनिज कृषि, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, परिवहन और अन्य क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

*************************************************************************

पिहोवा में आज अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव शुरू हो गया। हरियाणा सहकारी समिति कृषि और ग्रामीण विकास बोर्ड के अध्यक्ष अमरपाल राणा उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए ।वहीं हरियाणा गऊ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। हमारी संवाददाता ने बताया कि हवन यज्ञ के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सरस मेले का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर श्री श्रवण गर्ग ने कहा-

उन्होंने अब तक सरस्वती को पुनर्जीवित कने के प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया-

हरियाणा सहकारी समिति कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड के अध्यक्ष अमरपाल राणा ने कहा कि इस ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी में अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में शामिल हो वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

*************************************************************************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। 18 वीं लोकसभा के गठन के बाद यह उनका पहला पूर्ण बजट होगा।आम लोगों को इस बजट में विभिन्न क्षेत्रों में सुधार व प्रोत्साहनों के साथ ही अर्थव्यवस्था को गति दिए जाने व जनता

को राहत प्रदान किए जाने की उम्मीद है।बजट पूर्व लोगों की अपेक्षाओं की जानकारी लेने के लिए आकाशवाणी समाचार ने विभिन्न क्षेत्र के लोगों से बातचीत की।

एक किसान जसवंत सिंह ने वित्त मंत्री से मांग करते हुए कहा -

भिवानी में एक व्यापारी अभिषेक बंसल ने कहा-

वहीं महिलाओं ने रसोई में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं आटा दाल आदि सस्ता किए जाने की उम्मीद जताई ।

*****************************************************************

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि दिल्ली को दिए जाने वाले पानी को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर हरियाणा सरकार ने कड़ा संज्ञान लिया है। हरियाणा सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत की अदालत में मामला दायर कर दिया है।राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने आज चण्डीगढ़ में पत्रकारों को यह जानकारी दी।श्री विपुल गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला है। हरियाणा पर इस प्रकार का आरोप लगाकर केजरीवाल ने घटिया राजनीति की है। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल के इस प्रकार के गैरजिम्मेदारना बयान का चुनाव आयोग को भी कड़ा संज्ञान लेना चाहिए।

*****************************************************************

पंचकूला के औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में आज जिला उद्योग केन्द्र, पंजाब नेशनल बैंक एवं उद्योगों के सौजन्य से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में पंचकूला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। रोजगार मेले को लेकर उपायुक्त ने कहा -

उपायुक्त ने बताया कि मेले में पंचकूला की 35 प्रतिष्ठित कंपनियों और 361 छात्रों ने भाग लिया । आज कंपनियों द्वारा मौके पर ही 180 बच्चों को रोजगार दिया गया।

*****************************************************************

जींद जिले के किसान अब प्रधानमंत्री की मुहिम प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। कृषि विभाग इस दिशा में विशेष प्रयास कर रहा है।

कृषि विभाग के उप निदेशक गिरीश नागपाल ने बताया -

किसान मोनू लाठर ने अपना अनुभव साँझा करते हुए आकाशवाणी समाचार को बताया -

*****************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने जिला नगर योजनाकार को ड्रोन सर्वेक्षण करवाकर अवैध कॉलोनियों की पहचान करने और नियमों की उल्लघना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए हैं।श्री विज ने कहा है कि सर्वे के दौरान यदि विभाग को अम्बाला छावनी में एक भी अवैध कालोनी मिलती है तो संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

***********************************************************************

भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो की टीम ने आज सुबह कैथल के आबकारी एवं कर अधिकारी दिनेश काजल को एक हज़ार 40 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफतार किया।ब्यूरो ने बताया इस अधिकारी ने शराब के ठेके की किश्त न चुकाने पर गारंटर की जमीन अटैच करने की धमकी देकर चीका के एक व्यक्ति ऋषिपाल से 8 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी।